**उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई,**
**इटावा –206130 (उ0प्र0)**
फोन न0: (05688) 276591 बैवसाइट: **www. upums.ac.in**

विज्ञापन सं0 07/यूपीयूएमएस/चयन प्रकोष्ठ/2018–19 दिनॉक 23/01/2019

## <u>विज्ञप्ति</u>

विश्वविद्यालय में संचालित आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अर्न्तगत **आयुष्मान मित्र** के **03 पद** मानदेय के आधार पर भरा जाना है। सम्बन्धित पदों का विवरण, शैक्षणिक योग्यता, अर्हता, एवं मानदेय, लिखित परीक्षा/साक्षात्कार आयोजित होने की तिथि, समय एवं स्थान इत्यादि की सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाईट:**www.upums.ac.in** पर उपलब्ध है। आनलाईन आवेदन पत्र दिनॉक **12 फरवरी, 2019** तक स्वीकार किये जायेंगे।

ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने विज्ञापन सं0 03/यूपीयूएमएस/चयन प्रकोष्ठ/2018–19 दिनॉक 18.12.2018 में विज्ञापित आयुष्मान मित्र पद हेतु पूर्व में आवेदन किया है उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। उनके पुराने आवेदन पत्रों पर ही विचार किया जायेगा।

**कुलसचिव**

# उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय

सैफई, इटावा (उ0प्र0)

Uttar Pradesh University of Medical Sciences

**Saifai, Etawah - 206 130 (U.P.)**

Website: www.upums.ac.in

विज्ञापन संख्या : 07/यूपीयूएमएस/चयन प्रकोष्ठ/2018–19

विश्वविद्यालय में मानदेय के आधार पर निम्नलिखित योजनाओं हेतु रिक्त पदों के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं:–

| क्र0सं0 | कार्यक्रम का नाम | पदनाम | पदों की सं0 | मासिक नियत वेतन (कुल किह) | अधिकतम आयु की सीमा | शैक्षणिक योग्यता एवं अर्हता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना | आयुष्मान मित्र | 03 | मानदेय Rs. 5000/-* आयुष्मान भारत –प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना द्वारा उपलब्ध करायी गयी निधि से भुगतान किया जायेगा। | 18 से 40 वर्ष | (क) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री।<br>(ख) हिन्दी, अग्रेंजी तथा स्थानीय भाषा का अच्छा ज्ञान।<br>(ग) कम्प्यूटर तथा इंटरनेट पोर्टल पर कार्य करने में सक्षम।<br>योग्य आशा कार्यकर्ती अथवा महिला अभ्यर्थियों को वरीयता दी जायेगी। |

* आयुष्मान मित्र पद हेतु मानदेय प्रतिमाह रू0 5000/– एवं प्रोत्साहन धनराशि रू0 50/– प्रति लाभार्थी (उपचार के उपरान्त क्लेम प्रोसेस की प्रक्रिया पूरी होने पर) मानदेय तथा प्रोत्साहन धनराशि का भुगतान सम्बन्धित चिकित्सालय के रोगी कल्याण समिति (आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना द्वारा उपलब्ध करायी गयी निधि से) की निधि से किया जायेगा।

## नियम/शर्तें :–

1. उपरोक्त पद हेतु अर्ह अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की **वेबसाइटः www.upums.ac.in** पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं केवल ऑनलाईन आवेदन पत्र ही स्वीकार किये जायेंगें।
2. आवेदन शुल्क–समस्त वर्गों के लिये रू. 500/– क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड द्वारा/इंटरनेट बैंकिंग द्वारा ऑनलाइन भुगतान करना होगा।
3. अभ्यर्थी की आयु की गणना 31–12–2018 को की जायेगी।
4. आरक्षण एवं आयु सीमा में शिथिलता राज्य सरकार के नियमानुसार प्रदान की जायेगी।
5. पदों की संख्या घट–बढ़ सकती है।
6. मानदेय के आधार पर नियुक्ति इस प्रतिबन्ध के अधीन होगी कि उक्त मानदेय पर नियुक्ति कर्मचारी कालावधि के आधार पर पेंशन विनियमितिकरण/स्थायीकरण का दावा नहीं करेंगे। अभ्यर्थी का मानदेय के अधार पर चयन निर्धारित अवधि 12 माह के लिए की जायेगी। यदि अभ्यर्थी की सेवायें संतोषजनक पायी जाती है तो उसे नियमानुसार सेवा विस्तार दिये जाने हेतु विचार किया जा सकता है।
7. अभ्यर्थियों को परीक्षा/साक्षात्कार हेतु कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
8. मानदेय के आधार पर नियुक्ति हेतु गठित चयन समिति का निर्णय अन्तिम एवं मान्य होगा।
9. ऑनलाईन आवेदन दिनांक **12 फरवरी, 2019** तक स्वीकार किये जायेंगे।
10. उक्त हेतु लिखित परीक्षा/साक्षात्कार हेतु दिनॉक **20 फरवरी, 2019** को **प्रातः 10:30** बजे प्रशासनिक भवन, उ0प्र0 आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई, इटावा में आयोजित किया जायेगा।
11. आनलाईन आवेदन पत्र को डाक से प्रेषित किये जाने की आवश्यकता नहीं है। उक्त निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर अभ्यर्थी आनलाईन आवेदन पत्र (अभिलेखों की छायापति सहित) तथा समस्त मूल अभिलेखों के साथ स्वतः ही उपस्थित हों। इस हेतु अलग से कोई सूचना नहीं प्रेषित की जायेगी।
12. निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित न होने वाले अभ्यर्थी स्वतः ही चयन प्रक्रिया से बाहर हो जायेंगे।
13. ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने विज्ञापन सं0 03/यूपीयूएमएस/चयन प्रकोष्ठ/2018–19 दिनॉक 18.12.2018 में विज्ञापित **आयुष्मान मित्र पद** हेतु पूर्व में आवेदन किया है उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। उनके पुराने आवेदन पत्रों पर ही विचार किया जायेगा।

**कुलसचिव**